APP-A
crim-I

# FORM NO. III

## फर्द अहकाम

**(नियम–26)**

**अज अदालत** सहायक कलक्टर (S.D.O.) **नियम** बामडु

आत्मा राम **बनाम** अर्जुन राम और

**किस्म मुकदमा** 111, 128 R.L.R. Act **नं** 93/21 **सन** 2021

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इतिशियल्य जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 17-3-21 | प्रार्थी / प्रार्थीगण की ओर से यह प्रार्थना पत्र वकील श्री महावीर जोशी ने अन्तर्गत धारा 111,128 आर.एल.आर. का पेश किया। जिस पर कार्यालय रिपोर्ट प्राप्त की कार्यालय रिपोर्ट का अवलोकन किया बाद पत्र रजिस्टर हो विप्रार्थीगण को प्रार्थना पत्र के सम्मन मय प्रार्थना पत्र की प्रति के जारी हो पत्रावली वास्ते तामिल / जवाबदावा दिनांक 30-4-21 को पेश हो।<br>(हस्ताक्षर)<br>सहायक कलक्टर<br>(SDO) बामडु | |
| 30/04/2021 | पत्रावली पेश हुई वकुलाय फरिकैन उपस्थित पीठासीन अधिकारी का पद रिक्त है अत: पत्रावली इल्तवा होकर दिनांक 05/07/2021 को पेश हो। (हस्ताक्षर) | |
| 05/07/2021 | पत्रावली पेश हुई वकुलाय फरिकैन उपस्थित पीठासीन अधिकारी का पद रिक्त है अत: पत्रावली इल्तवा होकर दिनांक 14/10/2021 को पेश हो। (हस्ताक्षर) | |
| 14/10/2021 | प्रार्थी वकील उपस्थित। विप्रार्थीगणों के नोटिस पूर्व में जरिये रजिस्टर्ड एडी भिजवाये गये जिनकी एडी पुनः प्राप्त नहीं हुई है। चूंकि पीठासीन अधिकारी प्रशासन गांवों के संग अभियान-2021 कैम्पों में व्यस्त होने से मिसल इल्तवा होकर आगामी दिनांक 17/02/2022 को पेश हो। (हस्ताक्षर) | |

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इतितिशियल्य जज |
|---|---|
| 17/02/2022 | प्रार्थी वकील उपस्थित/ प्रार्थी वकील द्वारा विपक्षीगणों के नोटिस मय रजिस्ट्री खर्चा पुनः पेश किया गया जो जारी होकर पत्रावली फाईनल दिनांक 28/03/2022 को पेश हो। <br> सहायक कलक्टर <br> (SDO) बायतु |
| 28/03/2022 | प्रार्थी वकील उपस्थित/ विपक्षीगणों के नोटिस जरिये रजिस्टर्ड एडी भिजवाये गये जिनकी डिलीवर्ड रसीदें प्रार्थी अधिवक्ता द्वारा पेश की गई जिसे शामिल पत्रावली किया गया। विपक्षीगण बावजूद सूचना अनुपस्थित। न्यायालय समय तीन बार आवाज लगाई गई, अन्तिम आवाज 5-45 pm पर लगाई गई विपक्षीगण स्वयं या उनकी ओर से कोई अधिवक्ता उपस्थित नहीं हुआ लिहाजा विपक्षीगणों के विरुद्ध एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाती है अतः वास्ते बहस पत्रावली दिनांक 28/04/2022 को पेश हो। <br> सहायक कलक्टर <br> (SDO) बायतु |

| | हुक्म कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 28/04/2022 | प्रार्थी वकील उपस्थित/ विप्रार्थीगण बावजुद तामिल अनुपस्थित/ प्रार्थी अधिवक्ता की बहस सुनी गई, प्रार्थी के अधिवक्ता द्वारा बताया गया कि प्रार्थी एवं विप्रार्थीगणों के खातेदारी खेत सेढ़ा सेढ आए हुए है। प्रार्थी एवं विप्रार्थीगणों के खेत की सीमाओं पर पुरानी माढे एवं कणे बने हुए थे जो वर्तमान में आंधियों की वजह से बिखर गए है जिससे प्रार्थी एवं विप्रार्थीगणों के बीच खेत की सीमाओं को लेकर हमेशा विवाद बना रहता है इस कारण प्रार्थी को अपने खेत की सीमाओं का सही ज्ञान करवाने बाबत नेखमबंदी करवानी आवश्यक है इसलिए प्रार्थी के नेखमबंदी आवेदन को स्वीकार किया जाकर नेखमबंदी आदेश किया जावें।<br><br>अतः प्रार्थी अधिवक्ता के निवेदन पर प्रार्थी का नेखमबंदी आवेदन स्वीकार किया जाकर तहसीलदार गिड़ा को कमीशनर नियुक्त किया जाकर आदेश दिया जाता है कि आप स्वंय या अपने अधीनस्थः भू. अ. निरीक्षक से प्रार्थी के खातेदारी खेतों की पक्की नेखमबंदी मौके पर कमीशनर शुल्क जमा कराकर करें। पालना रिपोर्ट प्राप्त होने पर शामिल पत्रावली हो, पत्रावली फैसल शुमार हो, दर्ज नम्बर से कम हो, दाखिल दफ्तर हो।<br><br>सहायक कलक्टर<br>(SDO) बायतु | |

राजस्थान–सरकार

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बायतु

क्रमांक : वाद / 2022 / 517

दिनांक : 28/04/2022

**प्रार्थी** **बनाम** **विप्रार्थीगण**

1. आत्माराम पुत्र पोकरराम, जाति मेगवाल, निवासी रूगोणी मेगवालों की, की ढाणी, पटवार मण्डल बायतु पनजी, तहसील बायतु (बाड़मेर)

1. अजबाराम पुत्र पोकरराम वगैरा 19, जाति मेगवाल, निवासी रूगोणी मेगवालों की ढाणी, पटवार मण्डल बायतु भीमजी, तहसील बायतु (बाड़मेर)

## प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111,128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956

**राजस्व आवेदन संख्या : 93 / 2021**

## आदेश

प्रार्थी के खातेदारी खेत मौजा – रूगोणी मेगवालों की ढाणी, पटवार मण्डल – बायतु भीमजी, तहसील – बायतु, जिला– बाड़मेर के खेत खसरा नं. 865 / 733 रकबा 8.2518 हैक्टयर भूमि का साधारण सीमाज्ञान करने में राजस्व पटवारी विफल रहें एवं सीमा को लेकर मौके पर तनाजा है। खातेदार को यह अधिकारी है कि वह अपने खातेदारी भूमि का सीमाज्ञान / नेखमबंदी करा सकता है। लिहाजा प्रार्थी का आवेदन अन्तर्गत धारा 111, 128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 स्वीकार किया जाता है एवं तहसीलदार बायतु को कमीशनर नियुक्त किया जाकर आदेश दिया जाता है कि कमिशनर स्वंय या सहायक कमिशनर से प्रार्थी के खातेदारी खेंतो की पक्की नेखमबंदी मौके पर निर्धारित कमिशनीर शुल्क 500 / – जमा कराकर करें तथा पालना रिपोर्ट पेश करें। अपेक्षित होने पर संबधित थानाधिकारी से पुलिस इमदाद प्राप्त करने हेतु अधिकृत किया जाता है।

**(जगदीश सिंह आशिया)**
**उपखण्ड अधिकारी बायतु**

सहायक कलक्टर (SDO) बायतु

क्रमांक : वाद / 2022 / 518-522

दिनांक : 28/04/2022

**प्रतिलिपिः–निम्न को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित है।**

1. तहसीलदार बायतु
2. पटवारी हल्का बायतु भीमजी को भेजकर लेख है कि निर्धारित तारीख को मय रेकर्ड उपस्थित रहकर नेखमबंदी की कार्यवाही पूर्ण करावें।
3. प्रार्थी श्री आत्माराम पुत्र पोकरराम,
4. विप्रार्थी श्री अजबाराम पुत्र पोकरराम वगैरा 19,
5. पुलिस थानाधिकारी बायतु

उपखण्ड अधिकारी **बायतु**

सहायक कलक्टर (SDO) बायतु